भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2977 का उत्तर

बल्लारपुर/पुणे/मुंबई ट्रेन संपर्क

2977. श्रीमती प्रतिभा सुरेश धानोरकर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बल्लारपुर से पुणे और मुम्बई के लिए दैनिक सीधी रेलगाड़ियों के फेरे अत्यंत कम हैं जिससे औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों और यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) चंद्रपुर में प्रस्तावित नवीन कोचिंग डिपो के निर्माण की वर्तमान वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है और इसके पूर्ण होने हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव नवीन कोचिंग डिपो पूर्ण होने और दैनिक रेलगाड़ियों के प्रारंभ होने तक यात्रियों की तात्कालिक असुविधा दूर करने हेतु वैकल्पिक/साप्ताहिक बल्लारपुर-पुणे/मुम्बई विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यात्रियों को राहत प्रदान करने और संपर्क की कमी दूर करने हेतु सरकार द्वारा की गई प्रस्तावित वैकल्पिक व्यवस्थाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) वर्तमान में, बल्हारशाह मुंबई से 02 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है (जो बल्लारपुर टाउन को सेवित करती है) जिसमें प्रतिदिन चलने वाली 11001/11002 छत्रपति

शिवाजी महाराज(टर्मि.) बल्हारशाह एक्सप्रेस और 22109/22110 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) बल्हारशाह एक्सप्रेस (साप्ताहिक) शामिल हैं, जो दिनांक 12-03-2024 से शुरू की गई है।

इसके अलावा, बल्हारशाह-पुणे खंड 22151/22152 पुणे - काज़ीपेट एक्सप्रेस द्वारा सेवित है।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत, एक सतत प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- **उस खंड की क्षमता**
- **मार्ग की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता**
- **रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता**

वर्तमान में, चंद्रपुर के पास बल्हारशाह में एक गर्त लाइन वाला कोचिंग डिपो उपलब्ध है।

******